Question Bank for Half yearly Exam

Class 5 Hindi

अपठित गद्यांश

नीचे दिए गए गद्यांशों को पढ़िए और उनके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

1. अपनी चिंता किये बिना दूसरों के भले की बात सोचना तथा दूसरों की भलाई के लिए काम करना ही परोपकार है । सच्चा परोपकार वही है जिसमें मन , वचन और कर्म से दूसरों के कल्याण के लिए काम किया जाता है । परोपकार की भावना से प्रेरित होकर भगवान शिव ने देवताओं की रक्षा के लिए विषपान किया | महर्षि दधिची ने अपनी अस्थियों का दान दिया , जिससे वृत्रासुर राक्षस का वध हुआ | मदर टेरेसा ने तो दीन - हीन , अनाथों , विकलांगों और रोगियों की सेवा में अपना सारा जीवन अर्पित कर दिया | प्रकृति का कण - कण परोपकार में लगा हुआ है | सूर्य , वायु , नदियाँ और वृक्ष सभी मानव उपकार करते हैं |
   प्र.क) परोपकार से क्या अभिप्राय है ?
   प्र.ख) सच्चे परोपकार की क्या पहचान है ?
   प्र.ग) दधिची ने परोपकार का उदाहरण किस प्रकार प्रस्तुत किया ?
   प्र.घ) वृक्ष हमारा परोपकार किस तरह करते हैं ?
   प्र.ङ) भगवन शिव ने देवताओं की रक्षा के लिए क्या किया ?

2. 14 नवंबर स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का जन्मदिन होता है | पंडित नेहरू को गुलाब के फूल और गुलाब के फूल के समान खिले रहने वाले प्यारे - प्यारे बच्चे बहुत अधिक प्रिय लगते थे | इसलिए उन्होंने अपने जन्मदिन को ‘ बाल - दिवस ‘ के रूप में मनाया | स्वयं बच्चे भी उन्हें बहुत अधिक प्यार करते थे और उन्हें प्यार से ‘ चाचा नेहरु ‘ कहकर पुकारते थे | नेहरु जी प्रायः बच्चों के बीच घुल - मिल जाते थे | पंडित नेहरू जी को बच्चों से इतना अधिक प्यार था कि वे बहुत अधिक व्यस्त रहने पर भी बच्चों के लिए समय अवश्य निकाल लेते थे |
   प्र.क) गुलाब के फूल और बच्चों में क्या समानता है ?
   प्र.ख) पंडित नेहरू को कौन-सी दो चीजें बहुत अधिक प्रिय थीं ?
   प्र.ग) पंडित नेहरू का जन्म-दिवस किस रूप में मनाया जाता है ?
   प्र.घ) किस बात से पता चलता है कि पंडित नेहरू बच्चों को बहुत अधिक प्यार करते थे ?

प्र.ङ) पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन कौन -से दिन मनाया जाता है ?

3. गुरु नानक देव बचपन से ही होनहार प्रकृति के थे | वे किसी भी बात को शीघ्र समझ लेते थे और उनका मन साधू संतों की संगति में अधिक लगता था | इनके पिता ने इन्हें पशु चराने का काम दिया | नानक के लिए यह काम बड़ा आनंददायक सिद्ध हुआ | वे पशुओं की चिंता छोड़कर ईश्वर-ध्यान में डूब जाते थे | एक बार इनके पिता ने इन्हें बीस रुपये देकर कोई ऐसा काम करने को कहा जिससे लाभ प्राप्त हो| गुरु नानक लाहौर की तरफ चल दिए| मार्ग में उन्हें कुछ साधु-महात्मा मिले , जो भूखे थे| नानक ने सोचा - भूखे को भोजन कराने से अच्छा काम कौन-सा हो सकता है ? उन्होंने वे सारे रुपये साधु- महात्माओं के भोजन पर खर्च कर दिए |

प्र.क) नानक देव की बचपन की कोई दो विशेषताएँ बताइए|

प्र.ख) पशु चराने का काम नानक के लिए आनंददायक क्यों सिद्ध हुआ ?

प्र,ग) उनके पिता ने उन्हें बीस रुपये देकर क्या कहा ?

प्र.घ) नानक रुपये लेकर किस ओर चल दिए ?

प्र.ङ) नानक ने क्या सोच कर वे रुपये साधु- महात्माओं के भोजन पर खर्च किए ?

पठित पद्यांश

1. भारत के ऊपर छाया है
दूर हवा में लहराया है
सूरज ने आ चमकाया है |

हम गाते हैं इसका गाना
'जन-गण-मन ' है गीत सुहाना
इस झंडे के नीचे आना |

जब गुलाम था भारत प्यारा
तब झंडा था यही सहारा
इस झंडे से दुश्मन हारा |

प्र.क) भारत के ऊपर क्या छाया है ?

प्र.ख) 'जन-गण-मन' हमारा क्या है?

प्र.ग) भारत के झंडे का क्या नाम है ?

प्र.घ) भारत के झंडे में कितने रंग हैं ?

प्र.ङ) भारत कब आज़ाद हुआ ?

2. बेटी शासन चला रही है
लेती ज़िम्मेदारी |
वायुयान बेटी के हाथों
आसमान में उड़ते
नए - नए अध्याय ज्ञान के
इससे ही हैं जुड़ते |
बनती पुलिस , फ़ौज में जाती
बनती ऊँची नारी |
रचती है साहित्य , वेद की
रचती यही ऋचाएँ
कोमल भावों में डूबी है
क्या इसके गुण गाएँ |

प्र.क) देश का शासन चलाने वाली हमारे देश की पहली महिला प्रधानमंत्री कौन थी ?

प्र.ख) ऋचाएँ शब्द का क्या अर्थ है ?

प्र.ग) बेटियां क्या-क्या कर सकती हैं ?

प्र.घ) हिंदी की एक प्रसिद्ध कवयित्री का नाम बताइए|

प्र.ङ) कोमल भावों में कौन डूबी हैं ?

3. नन्हीं बच्ची गोदी में है
खुशियों भरी पिटारी |
यह स्वतंत्रता के संघर्षों
में भी तो थी आगे
इसका जोश देख भारत के
कितने ही जन जागे |
यह प्रकाश लेकर निकली है

मिटा रही अँधियारी
बेटी अंतरिक्ष में जाती
साहस इतना भारी |

प्र.क) नन्हीं बच्ची को क्या कहा गया है ?

प्र.ख) किसका जोश देखकर भारत के जन जागे ?

प्र.ग) अंतरिक्ष में जाने वाली एक भारतीय बेटी का नाम लिखिए |

प्र.घ) संघर्ष का क्या अर्थ है ?

प्र.ङ) इस कविता में किसके साहस की बात की गई है ?

पत्र लेखन

1. विद्यालय से पुस्तकें तथा वर्दी दिलाने की प्रार्थना करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए |
2. रचना छपवाने हेतु ‘ नवभारत टाइम्स ‘ के संपादक को पत्र लिखिए |
3. छात्रवृत्ति प्रदान हेतु अपने प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए |
4. प्रकाशक से पुस्तकें मँगवाने के लिए पत्र लिखिए |

अनुच्छेद लेखन

दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर 70 - 80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए -

1. पुस्तकालय
2. गणतंत्र दिवस
3. दीपावली
4. समाचार पत्र
5. हमारा देश

रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये -

1. तिरंगा

क) जब सारा देश उमड़कर आया तो ------------------ थर्राया |

ख) भारत की आस ---------------- है |

ग) तिरंगा ----------- भाव से खड़ा है |

घ) कुर्बानी का अर्थ ---------------- है |

ङ) तिरंगा कविता के कवि --------------------- हैं |

च) अभिमानी शब्द का अर्थ -------------------------- है |

छ) भारत के --------------- तिरंगा छाया है |

2. भीमराव की कमीज़

क) भीम की कमीज़ --------------------------- ने सीला |

ख) रुई के पौधे ने ------------------- दी |

ग) गिलहरी ने पूँछ की -------------------------- बनाकर कमीज़ पर ------------------- बनाई |

घ) राह का अर्थ ------------------------- है |

ङ) ----------------------- की कमीज़ फट गई थी |

च) बढ़िया का अर्थ ------------------------- है |

3. **साहसी बेटी**

क) नन्हीं बच्ची को ---------------- कहा गया है |

ख) संघर्ष का अर्थ ------------------- है |

ग) ---------------------- हर क्षेत्र में आगे है |

घ) बेटियाँ ------------------- के समान गाती है |

ङ) देश की भक्ति करने वाला ----------------------- है |

च) जो आदर के योग्य हो वह ---------------------- है |

4. **खुर्दबीन**

क) ----------------- ने खुर्दबीन की खोज की |

ख) दुकानदार को पानी की एक बूँद ----------------------- जीव दिखाई दिया |

ग) एक तरह की खास ----------------- को एक्स-रे कहते हैं |

घ) विज्ञान ---------------- है |

ङ) नए यंत्र में लैंस के बजाय ---------------- लगाया गया |

च) खुर्दबीन में --------------------------- शीशे लगे होते हैं |

5. **ओणम**

क) भारत के लोग ------------------------- होते हैं |

ख) केरल के लोग -------------- जीवन बिताते हैं |

ग) भगवान विष्णु -------------------- की सहायता करने के लिए तैयार हो गए |

घ) विष्णु जी ने ----------------- ब्राह्मण का रूप धारण किया |

ङ) केरल की मातृभाषा --------------------- है |

च) पौराणिक शब्द का अर्थ --------------------- है |

मिलान करो

1. **धन का खज़ाना**

क) हमारा शरीर धन का	हासिल किया जा सकता है |
ख) मेहनत करके सब कुछ	इकटठा करना |
ग) संत की बात सुनकर	शांत था |
घ) बटोरना का अर्थ है	युवक काँपने लगा |
ङ) संत का चेहरा	खज़ाना है |

2. **साहसी बेटी**

क) बेटी अंतरिक्ष में जाती	हवाई जहाज़
ख) कोयल के स्वर गाती	खुशियों भरी पिटारी
ग) बेटी शासन चला रही है	लता मंगेशकर
घ) नन्हीं बच्ची गोदी में है	कल्पना चावला
ङ) वायुयान	इंदिरा गांधी

3. **खुर्दबीन**

क) गैलिलियो	जीवाणु
ख) खास किरण	चुम्बक

ग) सूक्ष्म पशु	धुँधली दिखती थी
घ) नए किस्म का यंत्र	एक्स-रे
ङ) पहले इस यंत्र में चीज़	खुर्दबीन

4. ओणम

क) भारत के लोग	मलयालम
ख) भारत के दक्षिण में सुन्दर प्रदेश	नौका दौड़
ग) वामन ब्राह्मण	दयालु और दानी
घ) महाबली	उत्सवप्रिय
ङ) केरल की मातृभाषा	केरल
च) ओणम ।	विष्णु जी

5. सदा चैंपियन

क) खेल प्रशिक्षक	सदा चैंपियन
ख) सुभाष	कर्ण का पुराना स्कूल
ग) कर्ण	कर्ण का नया स्कूल
घ) गवर्नमेंट मॉडल	मि॰ डीसूज़ा
ङ) फ्रैंकलिन	कर्ण का दोस्त

6. संरक्षक राहुल

क) रीमा	राहुल के दोसत
ख) अण्डों के फूटने का समय	समुद्री कछुए
ग) आलिव रिडले	राहुल की बहन
घ) सौमेन और धीरेन	45 - 50 दिन

सही (✓) या गलत (x) का निशान लगाइए -

1. तिरंगा

क) भारत के ऊपर दुरंगा छाया है ।

ख) हमारा राष्ट्रगान जन गण मन है ।

ग) तिरंगा कोमल भाव से खड़ा है ।

घ) भारत के झंडे में पाँच रंग है ।

ङ) तिरंगा कविता को श्यामलाल गुप्त ने लिखी है |

च) अब भारत गुलाम देश है |

छ) भारत की आस तिरंगा है |

ज) तिरंगा आकाश छूता है |

2. भीमराव की कमीज़

क) रुई के पौधे ने रुई दी |

ख) गिलहरी ने कताई और बुनाई की |

ग) कोई काम अकेले करने से ज़्यादा अच्छा होता है |

घ) बया ने कपडे की सिलाई की |

ङ) मिलकर काम करने से सारा काम बिगड़ जाता है |

च) सुन्दर सी कमीज़ पहनकर भीम नाचता हुआ दादी के पास गया |

छ) कोई काम अकेले करने से ज़्यादा अच्छा होता है |

3. गुलिवर की यात्रा

क) ब्लेफुस्कू देश के राजा ने जहाज़ी बेड़ा बना लिया था |

ख) गुलीवर लिलिपुट द्वीप में पहुँचा |

ग) लिलिपुट के मकान खिलौने जैसे थे |

घ) गुलीवर छोटी -छोटी यात्रायें करता था |

ङ) हमें ज़रूरतमंद की मदद करनी चाहिए और मेहमान का आदर - सत्कार करना चाहिए |

4. धन का खज़ाना

क) संत युवक के पास पहुँचा |

ख) युवक बहुत अमीर था |

ग) युवक अपना शरीर बेचने को तैयार हो गया |

घ) युवक को संत की बात सुनकर डर लगने लगा |

ङ) संत एक भला इन्सान था |

च) हमारा शरीर धन का खज़ाना है|

छ) संत ने युवक को गुस्से से देखा |

ज) युवक बहुत गरीब दिख रहा था |

5. खुर्दबीन

क) चार सौ साल पहले खुर्दबीन की खोज हुई |

ख) खुर्दबीन की खोज गैलिलियो ने की |

ग) दुकानदार ने पानी की एक बूँद में सैकड़ों जीव देखे |

घ) एक्स-रे एक तरह की खास वस्तु है |

ङ) रोग के कई कीटाणु और बैक्टीरिया बहुत बड़े होते हैं |

एक शब्द या वाक्य में उत्तर दीजिये

1. **साहसी बेटी**

क) नन्हीं बच्ची को क्या कहा गया है ?

ख) बेटियाँ किसके सामान गाती हैं ?

ग) हिंदी की एक प्रसिद्ध कवयित्री का नाम बताइए |

घ) साहसी बेटी कविता में किसके साहस की बात की गई है ?

ङ) अंतरिक्ष में जाने वाली एक भारतीय बेटी का नाम बताइए |

2. **खुर्दबीन**

क) खुर्दबीन की खोज कब की गई ?

ख) खुर्दबीन की खोज सबसे पहले किसने की ?

ग) सूक्ष्म पशु क्या है ?

घ) एक्स रे क्या है ?

ङ) दुकानदार को पानी एक बूँद में क्या देखा ?

च) खुर्दबीन में कितने शीशे लगे होते हैं ?

3. **ओणम**

क) केरल की मातृभाषा क्या है ?

ख) महाबली किस प्रदेश के राजा थे ?

ग) कौन से नदी के तट पर नौका दौड़ होता है ?

घ) महाबली कैसे राजा थे ?

ङ) केरल में ओणम का त्यौहार कैसे मानते हैं ?

4. **सदा चैंपियन**

क) कर्ण कौन सी फुटबॉल टीम में चुना गया ?

ख) कर्ण के नए विद्यालय का क्या नाम था ?

ग) कर्ण नए विद्यालय में आकर क्या खेलने लगा ?

घ) कर्ण के खेल प्रशिक्षक का क्या नाम था ?

ङ) भारत का राष्ट्रीय खेल कौन सा है ?

5. **संरक्षक राहुल**

क) राहुल की बहन कितने साल की थी ?

ख) समुद्री कछुए तट पर क्यों आए थे ?

ग) कितने दिन बाद अंडे फूटे ?

घ) राहुल और उसके दोस्तों ने अंडे किसको सौपें ?

ङ) राहुल के दोस्तों का क्या नाम था ?

संक्षिप्त में उत्तर दीजिये -

1. **खुर्दबीन**

क) खुर्दबीन की खोज कैसे हुई ?

ख) एक्स रे का प्रयोग क्यों किया जाता है ?

ग) लेंस की जगह चुम्बक लगाकर क्या फ़ायदा हुआ ?

घ) खुर्दबीन का क्या काम है ?

ङ) दुकानदार ने सूक्ष्म पशु किसे कहा ?

2. **ओणम**

क) देवराज इंद्र विष्णु जी के पास क्यों गए ?

ख) विष्णु जी ने महाबली से क्या माँगा ?

ग) महाबली के गुरु ने क्या चेतावनी दी ?

घ) विष्णु जी ने तिन क़दमों में क्या क्या नाप लिया ?

ङ) केरलवासियों का क्या विश्वास है ?

च) केरल के नौका दौड़ के बारे में दो वाक्य लिखें |

3. **सदा चैंपियन**

क) कर्ण क्यों उदास था ?

ख) पिताजी ने कर्ण को क्या समझाया ?

ग) कर्ण को बैडमिंटन खेलने का मौका कैसे मिला ?

घ) कर्ण क्यों घबराया हुआ था ?

ङ) कर्ण क्यों घबराया हुआ था ?

4. **संरक्षक राहुल**

क) राहुल ने तट पर किन लोगों को बात करते सुना ?

ख) राहुल ने समुद्री कछुओं को क्या करते देखा ?

ग) राहुल के दोस्तों ने उसे कैसे मदद की ?

घ) राहुल अगर अण्डों को न बचाता तो क्या होता ?

ङ) राहुल के दोस्तों ने अंडों को संरक्षण समिति को सौपने को क्यों बोला ?

दिए गए प्रश्नों के उत्तर ४० - 50 शब्दों में दीजिये -

1. **साहसी बेटी**

   क) बेटियों किस - किस क्षेत्रों में नाम रोशन किया , उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिये |

   ख) क्या लड़का और लड़की में भेदभाव करना चाहिए , कारण बताइए |

   ग) 'साहसी बेटी' कविता का मूलभाव क्या है ?

2. **खुर्दबीन**

   क) खुर्दबीन ने डॉक्टरों की मदद कैसे की ?

   ख) नए किस्म के यंत्र में क्या बदलाव किया गया और इससे क्या फ़ायदा हुआ ?

   ग) वैज्ञानिकों ने दुकानदार की हँसी क्यों उड़ाई ?

मूल्यपरक प्रश्न

1. **सदा चैंपियन**

   क) 'हिम्मत और उत्साह से हारी हुई बाजी भी जीत सकते हैं ' इस कथन को सदा चैंपियन पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिये |

   ख) अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए साहस और प्रोत्साहन का विशेष महत्व है - क्या आप इस बात से सहमत हैं ?

   ग) किसी खेल में सर्वश्रेष्ट बनने के लिए खिलाडी में क्या होना आवश्यक है - उदाहरण सहित लिखिए |

संज्ञा

1. **निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञाओं को रेखांकित करके उनके भेदों के नाम लिखिए -**

   क) हिमालय से गंगा, यमुना जैसी नदियाँ निकलती हैं |

   ख) शिवाजी ने वीरता से युद्ध किया |

   ग) भीम ने दुर्योधन को हरा दिया |

   घ) गांधीजी ने हमें सच्चाई का मार्ग दिखाया |

   ङ) हिंदी हमारी राजभाषा है |

2. नीचे लिखे वाक्यों में उचित संज्ञा शब्द भरिये -

क) ------------------------- हमारे प्रथम प्रधानमंत्री थे |

ख) --------------------- मेरे सबसे प्रिय अभिनेता हैं |

ग) कृष्ण-सुदामा की ---------------------------- प्रसिद्ध थी |

घ) ताजमहल ------------------------- में है |

ङ) --------------------- हमारा राष्ट्रीय पशु है |

3. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों की भाववाचक संज्ञाएँ (क) वाक्य की तरह अन्य वाक्यों में भरिये -

क) नालियों को साफ़ रखना ज़रूरी है |

नालियों की -------------------- करना ज़रूरी है |

ख) आम मीठा है |

आम में ------------------------ है |

ग) किसी से मत लड़ो |

किसी से ---------------------- मत करो |

घ) रोज पढ़ो |

रोज -------------------------- करो |

लिंग

1. **निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बताइए -**

क) मुझे जलेबी अच्छी लगती है |

ख) अंगूर खट्टे हैं |

ग) यह कविता अच्छी है |

घ) आम बहुत मीठा होता है |

ङ) मैंने पुरानी पुस्तकें बेच दीं |

2. नीचे लिखे वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्यों को दुबारा लिखिए -

क) चिड़िया दाना चुगती है |

ख) हमारा नौकर

ग) अध्यापक जी अच्छा पढ़ाते हैं |

घ) कुत्ता भूँक रहा है |

3. **नीचे लिखे शब्दं के लिंग बदलिए -**

   क) घोड़ा

   ख) श्रीमान

   ग) सेठानी

   घ) लेखिका

   ङ) वर

   च) प्रधानाचार्य

   छ) ससुर

   ज) धोबी

कारक

1. **निम्नलिखित वाक्यों में कारक प्रयोग सम्बन्धी अशुद्धियों को दूर करके वाक्यों को दुबारा लिखिए -**

   क) मेरे को यह पुस्तक दे दो |

   ख) वह छत में खेल रहा है |

   ग) तेरे को वहां जाना है |

   घ) सुरेश दूध को नहीं पीता है |

   ङ) वह कार पर आया |

2. **रेखांकित शब्दों के कौन से कारक हैं , बताइए -**

   क) रमेश सुरेश का भाई है |

   ख) दिलवाडे में कई मंदिर हैं |

   ग) अरे श्याम ! जल्दी भीतर चलो | आकाश से बूंदें गीर रहीं हैं |

   घ) रानी ने पेंसिल से गणेश जी का चित्र बनाया |

   ङ) सुधांशु पाठ याद कर रहा है |

सर्वनाम

1. **नीचे दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम छांटकर प्रत्येक के सामने दिए गए खाली स्थान में लिखिए -**

   क) " अरे ! तुम क्या खा रहे हो ?

   ख) शायद कोई आया है |

ग) आप कुछ न करें | यह मैं खुद करूँगा |

घ) मेरी किताब यह है , वह नहीं |

ङ) कौन जानता था कि कल वे चले जाएँगे |

2. **निम्नलिखित सर्वनामों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए -**

क) कौन

ख) क्या

ग) स्वयं

घ) हम

ङ) कुछ

3. **प्रत्येक के सामने कोष्टकों में दिए गए सर्वनामों में से उचित सर्वनाम चुनकर उसका सही रूप खाली स्थानों में भरिए -**

क) मैंने --------------------- नहीं , ------------------- बुलाया था | (तुम,वह)

ख) ------------------------ बस ------------------- ही से काम था | (मैं,आप)

ग) -------------------------- कल --------------------- सहायता की थी | (वह,हम)

घ) ------------------------- मुझसे क्या चाहिए ? (आप)

विशेषण

1. **दिए गए शब्दों के लिए दो-दो विशेषणों का प्रयोग कीजिये -**

क) ----------------------- ------------------------ पेड़

ख) ----------------------- ------------------------- फूल

ग) ----------------------- ------------------------- उपवन

घ) ----------------------- ------------------------- आम

ङ) ----------------------- -------------------------- लड़की

2. **कोष्ठकों में दिए गए शब्दों से उचित विशेषण शब्द बनाकर खाली स्थानों में भरिये -**

क) स्वतंत्रता दिवस हमारा ---------------- त्योहार है | (राष्ट्र)

ख) बाघ --------------- जानवर है | (जंगल)

ग) मोहन मेरा ----------------- भाई है | (चाचा)

घ) वह --------------------- परीक्षा में प्रथम आया है | (वर्ष)

ङ) जगदीश चंद्र बसु भारत के महान ------------------ थे | (विज्ञान)

3. निम्नलिखित वाक्यों में विशेषणों के प्रयोग में कुछ अशुद्धियाँ हो गई हैं | इन्हें दूर करके वाक्यों को दुबारा लिखिए -

क) मैं बाज़ार से ताज़ा सब्जी लाया हूँ |

ख) मोटा लड़के दौड़ नहीं पाए |

ग) लम्बे लड़के के लिए यह कमीज़ छोटा रहेगी |

घ) नेताजी ने अनेकों सभाओं में भाषण दिए |

ङ) उन्हें भरी दुःख हुआ |

क्रिया

1. नीचे लिखे वाक्यों में क्रिया छाँटिए -

क) तुम कुतुब मीनार देखने कब जाओगे ?

ख) हम प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ते हैं |

ग) टोकियो जापान की राजधानी है |

घ) सपेरे के पास कई साँप थे |

ङ) परसों हम पिकनिक पर जाएँगे |

च) क्या तुमने आज का समाचार पत्र पढ़ा ?

2. नीचे लिखे वाक्यों में आये क्रिया-पदों को रेखांकित कीजिये और प्रत्येक वाक्य के सामने अकर्मक या सकर्मक जैसे भी हों , लिखिए -

क) मनु एकदम चुप हो गई |

ख) राजकुमार ने काले हिरन को छोड़ दिया |

ग) अभिमन्यु ने धनुष फेंक दिया |

घ) ट्रॉय वाले सोए हुए थे |

3. रेखांकित शब्दों के काल बताइए -

क) झाँसी से निकलकर रानी कालपी पहुँची |

ख) मेरे भाग्य में एक नहीं दस हाथी हैं |

ग) मैं अभी घोड़े पर बैठकर सैर करने जाऊँगी |

घ) मनु का विवाह गंगाधर राव से हो गया |

ङ) गन्दा पानी मच्छरों को जन्म देता है |

क्रिया विशेषण

1. **दिए गए वाक्यों में से क्रिया विशेषण छांटकर लिखिए -**
   क) मनु एकदम चुप हो गई |
   ख) वह जल्दी-जल्दी चल रहा था |
   ग) अचानक वर्षा शुरू हो गई |
   घ) थोड़ा खा लो , बाद में पढाई करना |
   ङ) परसों मेरा जन्मदिन है, अवश्य आना |
2. **खाली स्थानों में उपयुक्त क्रिया विशेषण भरिये -**
   क) तुम्हें -------------------- चाहिए उतना ले लो |
   ख) ----------------- खाओ , सुखी रहो |
   ग) -------------------- बहुत गर्मी पढ़ रही है |
   घ) हमारे अध्यापक जी ---------------- पढ़ाते हैं |
3. **निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया विशेषण सम्बन्धी अशुद्धियाँ दूर करके उन्हें दुबारा लिखिए -**
   क) जितना खाओ इतना पचा सको |
   ख) चाँदी कैसा चमक रहा है |
   ग) लता कितनी मधुर गाती है |
   घ) पुस्तक पर नहीं लिखो |

संबंधबोधक

1. **दी गई सूची में से उचित संबंधबोधक छांटकर नीचे लिखे वाक्यों में भरिए -**
   के साथ , के चारों ओर , की ओर , के आस - पास , के बाहर
   क) कार्यालय ------------------ मोटरें खड़ी हैं |
   ख) सीता भी राम ---------------- वन में गई |
   ग) वृक्ष ------------------- बच्चे प्रसन्नता से नाच रहे थे |
   घ) नगर ------------------- आक्रमणकारी डेरा डाले हुए थे |
   ङ) दानव उस छोटे बच्चे ---------------------- देख रहा था |

2. नीचे लिखे सम्बंधबोध्कों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

क) के समान

ख) के निकट

ग) की जगह

घ) के पीछे

ङ) के बाद

च) से पहले

छ) के बदले

समुच्चयबोधक

1. नीचे लिखे वाक्यों में आए समुच्चाय्बोधकों के नीचे रेखा खींचिये

रानी शत्रुओं पर टूट पड़ी | राव साहब और तांत्या टोपे दुसरे मोर्चे पर लड़ रहे थे | रानी चाहती थी कि उनसे जा मिले और फिर सब मिलकर अंग्रेजों के मोर्चों को उखाड़ फेंकें , इसलिए वह अंग्रेज़ी सेना को चीरती हुई आगे बढ़ी परन्तु अंग्रेज़ सिपाहियों ने उसे आ घेरा |

2. उपयुक्त समुच्चयबोधक चुनकर रिक्त स्थानों में भरिए -

तो, और, इसलिए , कि , क्योंकि , ताकि , यदि , अतः , पर

क) ------------------------- स्वस्थ रहना चाहते हो ----------------- व्यायाम किया करो |

ख) भाखड़ा बांध की दीवार इतनी चौड़ी है ------------------- उस पर आसानी से मोटर दौड़ सकती है |

ग) कृष्ण राजा थे ---------------- सुदामा एक निर्धन ब्राह्मण , ------------------------------ दोनों में गहरी मित्रता थी |

घ) फ्रांस में सब लोग 'मान्या 'को 'मारिया' कहने लगे ------------- फ्रांसीसी भाषा में मान्या' को 'मारिया' कहते हैं |

ङ) अभिमन्यु ने कहा - " आज मैं युद्ध करने जाऊंगा ------------- मुझे आज्ञा दीजिए |"

च) मन लगाकर पढ़ो --------------------- अच्छे अंक प्राप्त कर सको |

छ) पांडवों की विजय हुई -------------------- धर्म उनके साथ था |